# कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, नीमच (म.प्र.)

क्रमांक ......../लेखा/2024 नीमच, दिनांक /11/24

## फर्नीचर, लोहे की रेक क्रय/रेट कॉन्ट्रैक्ट हेतु खुली ई-निविदा वर्ष-2024

न्यायिक स्थापना नीमच में नव निर्मित न्यायालय हेतु लोहे की रेक क्रय के लिए फर्नीचर निर्माता या अधिकृत डीलर से ऑन-लाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र, शर्ते एवं विस्तृत जानकारी तथा निविदा में भाग लेने हेतु वेब साईट www.mptenders.gov.in पर लॉग-ऑन करें।

निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 1,000 (एक हजार रूपये मात्र) तथा सुरक्षा निधि राशि 23,000/- (रूपये तेवीस हजार मात्र) है, जिसे ऑन-लाईन निविदा के साथ जमा किया जाना है।

निविदा का अनुमानित मूल्य रूपये 7,68,000(रू. सात लाख, अडसठ हजार मात्र) है। निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी वेबसाईट पर दी जाएगी।

निविदा जमा एवं खोलने संबंधी विवरण निम्नानुसार है :-

| स.क्र. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | Published Date | 02-12-2024 | निविदा आन लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर दर्शित है। |
| 2 | Document Dowload/Sale Start Date | 02-12-2024 | |
| 3 | Bid Submission Start Date | 02-12-2024 | |
| 4 | Pre Bid Meeting | 09-12-2024 | |
| 5 | Document Download/Sale End date | 16-12-2024 | |
| 6 | Bid Submission End Date | 16-12-2024 | |
| 7 | Bid Opening Date | 18-12-2024 | |

निविदा संबंधी जानकारी का अवलोकन विभाग की वेब साईट https//:mphc.gov.in पर भी किया जा सकता है।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
नीमच(म.प्र.)

## भाग–1

## निविदा आवेदन एवं प्रकिया संबंधी जानकारी

1-1 निविदा प्रपत्र वेबसाईट www.mptenders.gov.in से डाउनलोड कर सकते है, निविदा संबंधी जानकारी का अवलोकन मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर की वेब साईट https//:mphc.gov.in पर भी किया जा सकता है।

1-2 यह निविदा जिला न्यायालय नीमच के अभिलेखागार एवं मालखाना अनुभाग के उपयोग में आने वाले लोहे के रेक कय/रेट कॉन्ट्रेक्ट के लिए रेक निर्माता या अधिकृत डिलर से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

1-3 रेक कय/रेट कॉन्ट्रेक्ट की खुली ई–निविदा को वेबासाईड www.mptenders.gov.in पर ऑन लाईन पद्धति से प्रस्तुत किया जाना है। निविदा में किसी प्रकार के संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी वेब साईट www.mptenders.gov.in एवं https//:mphc.gov.in पर दी जावेगी । निविदा का अनुमानित मूल्य की कुल राशि रूपये 7,68,000 (रूपये सात लाख, अडसठ हजार मात्र)है।

1-4 निविदा आन लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का विवरण निम्नानुसार है :–

| स.क्र. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | Published Date | 02-12-2024 | निविदा आन लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर दर्शित है। |
| 2 | Document Dowload/Sale Start Date | 02-12-2024 | |
| 3 | Bid Submission Start Date | 02-12-2024 | |
| 4 | Pre Bid Meeting | 09-12-2024 | |
| 5 | Document Download/Sale End date | 16-12-2024 | |
| 6 | Bid Submission End Date | 16-12-2024 | |
| 7 | Bid Opening Date | 18-12-2024 | |

1-5 यदि निविदा खुलने की दिनांक को अपरिहार्य कारणो से निविदा यदि नहीं खोली जा सकती है तो निविदाएं आगामी कार्य दिवस पर दोपहर 2:00 पर खोली जाएगी। इसकी पृथक से सूचना देना आवश्यक नहीं है।

1-6 **प्रकिया–1** निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 1,000 (रूपये एक हजार मात्र) है तथ सुरक्षा निधि की राशि रूपये 23,000 (रूपये तैवीस हजार मात्र) है। जिसे ऑन लाईन निविदा के साथ जमा किया जाना है। जमा की गई दोनो रसीदों को निविदा के साथ अपलोड करना अनिवर्य है।

उपरोक्तानुसार निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं सुरक्षा निधि राशि प्राप्त होने पर ही फर्म को प्रकिया–2 के लिये योग्य माना जावेगा।

1-7 **प्रकिया–2** तत्पश्चात उपरोक्त प्रकिया 1 में योग्य पाई जाने वाली फर्मो की ही तकनीकी निविदा खोली/देखी जावेगी। तकनीकी निविदा के भाग–2 में दर्शित दस्तावेज फर्म की सील एवं हस्ताक्षरित कर पृथक पृथक नंबरिंग करने के उपरांत स्केन कर अपलोड किए जाने है।

1-8 **प्रकिया–3** तत्पश्चात उपरोक्त प्रकिया 2 में योग्य पाई जाने वाली फर्मो की ही वित्तीय निविदा खोली जावेगी। वित्तीय निविदा को ऑन लाईन प्रस्तुत किया जाना है।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
नीमच (म. प्र.)

## भाग–2

## तकनीकी निविदा की अर्हकारी शर्ते

2.1 निविदाकर्ता को जिला न्यायालय द्वारा निर्धारित स्पेसिफिकेशन के अनुसार लोहे की रेक कय की सूची पर निर्माता अथवा अधिकृत डिलर द्वारा डिस्काउंट एल–1 के आधार पर रेट कॉन्ट्रैक्ट निविदाएं आमंत्रित की जा रही है।

2.2 निविदाकर्ता द्वारा पिछले पांच वर्षो में से किन्ही तीन वित्तीय वर्षो (2021–22, 2022–23, 2023–24) में शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था में लोहे की रेक प्रदाय का कार्य किया गया हो, संबंधित संस्थान का कार्य आदेश/प्रमाण पत्र की छायाप्रति प्रमाण स्वरूप अपलोड करें।

2.3 फर्मो का पिछले तीन वित्तीय वर्षो (2021–22, 2022–23, 2023–24) में न्यूनतम रू. 50.00 लाख प्रतिवर्ष का टर्न ओवर का होना अनिवार्य है। निविदाकर्ता को टर्न ओवर की चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट से हस्ताक्षरित प्रमाणित छाया प्रतिलिपि संलग्न करना अनिवार्य है।

2.4 निविदा में भाग लेने वाली फर्म किसी भी शासकीय संस्था से कभी भी ब्लेक लिस्टेड नहीं होना चाहिए। इस बाबत निविदाकर्ता फर्म को मूल शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है जो रूपये 500 के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित कर अपलोड करे। (निविदा में दिए प्रारूप अनुसार)

2.5 निविदा के साथ निम्नांकित दस्तावेजों की स्केन प्रति जिस पर फर्म के सील सहित हस्ताक्षर होने चाहिए निविदा के साथ अपलोड करें :–

(क) जी.एस.टी प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करें।

(ख) आयकर (पेन कार्ड) कार्ड की छायाप्रति संलग्न करें।

(ग) वैध रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करें।

2.6 पिछले तीन ऐसेसमेंट वर्ष (2021–22, 2022–23, 2023–24) का इनकम टैक्स रिटर्न (आईटीआर) जमा प्रमाण पत्र की छायाप्रति अपलोड करें।

2.7 निविदाकर्ता को फर्नीचर/रेक कय सामग्री की निर्माता कंपनी/अधिकृत डीलर होने का प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक है।

2.8 निविदाकर्ता को फर्नीचर/रेक कय सामग्री का गारंटी/वारंटी प्रमाण पत्र भी देना आवश्यक है।

2.9 निविदा केवल निर्धारित प्रपत्र में स्वीकार की जावेगी। प्रपत्र का मूल्य रूपये 1,000/– वापसी योग्य नहीं है।

2.10 यदि निविदा की शर्तो एवं दिनांक में कोई संशोधन किये जाने की स्थिति निर्मित होती है तो इसकी सूचना वेबवाईट के माध्यम से ही ऑन लाईन दी जावेगी। इस हेतु पृथक से समाचार पत्रों में संशोधन की सूचना जारी नहीं की जावेगी।

2.11 निविदा के साथ ऑन लाईन जमा किऐ जाने वाले समस्त प्रपत्रों की चैक लिस्ट की सूची निविदा की शर्तो के कमांक अनुसार पेज नम्बर सहित अनिवार्य रूप से संलग्न करें। अनावश्यक प्रपत्र संलग्न करने पर निविदा निरस्त की जा सकती है। अतः केवल चाहे गए प्रपत्र ही संलग्न करे।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
नीमच (म.प्र.)

## भाग–3
## निविदा की अन्य शर्ते

3.1 सफल फर्नीचर/रेक निर्माता अथवा अधिकृत डीलर से लोहे की रेक क्रय की जाने के पश्चात् निर्धारित मानको से कम की पाई जाती है तो सुरक्षा निधि/बैंक गारंटी जब्त करते हुए ब्लैक लिस्ट करने का अधिकार कार्यालय/विभाग को होगा।

3.2 कार्यालय/विभाग द्वारा सफल फर्नीचर निर्माता अथवा अधिकृत डीलर की कार्य क्षमता एवं गुणवत्ता को देखते हुए फर्नीचर/रेक क्रय की कार्यवाही की जावेगी।

3.3 सफल निविदाकर्ता से रेट कॉन्ट्रेक्ट होने के उपरांत कार्यालय के विभिन्न कक्षों/विभागों हेतु स्पेसिफिकेशन का निर्धारण अधिकारी/कार्यालय प्रमुख द्वारा किया जावेगा। जिस स्पेसिफिकेशन की मांग अधिकारी/कार्यालय प्रमुख द्वारा की जावेगी उसी स्पेसिफिकेशन के आधार पर सामग्री क्रय की जावेगी।

3.4 तकनीकी रूप से योग्य पाए जाने वाले एल–1 न्यूनतम दर के फर्नीचर निर्माता अथवा अधिकृत डीलर फर्मो से रेट कॉन्ट्रेक्ट किया जावेगा।

3.5 निविदा मे सफल फर्म को निविदा के कुल मूल्य की 03 प्रतिशत बैंक गारंटी तैयार कर जिला न्यायालय, नीमच में अनुबंध के साथ जमा करना होगा। बैंक गारंटी रेक प्रदाय की जाने की दिनांक से आगामी एक वर्ष तक कार्यालय में सुरक्षित रखी जावेगी तथा एक वर्ष की अवधि में क्रय किये गये रेक की गुणवत्ता में कमी पाई जाने पर जमा की गई बैंक गारंटी राजसात कर ली जावेगी।

3.6 सफल रेक निर्माता अथवा अधिकृत डिलर द्वारा प्रदाय की गई सामग्री की गुणवत्ता में कमी एवं आदेश में दर्शित मात्रा पर्याप्त न होने पर भुगतान से निविदा में दर्शित बिन्दू 3.11 अनुसार कटौती की जाएगी।

3.7 प्राप्त सामग्री संतोषजनक न होने पर प्रदाय आदेश प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, नीमच द्वारा किसी भी समय बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त किया जा सकता है एवं धरोहर राशि जप्त की जावेगी। ऐसी परिस्थिति में भुगतान से कटौती का अधिकारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, नीमच के विवेकाधिकार पर सुरक्षित रहेगा।

3.8 किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति यदि उत्पन्न होती है तो अंतिम निर्णय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, नीमच का मान्य होगा।

3.9 सामग्री स्वीकृत स्पेसिफिकेशन के अनुसार ही स्वीकार की जावेगी। आदेशित सामग्री स्पेसिफिकेशन के अनुरूप न होने या निर्धारित गुणवत्ता से कम होने पर निविदाकर्ता को उनके व्यय पर वापस की जाएगी।

3.10 यदि टेंडर ऐसे आते है जिसमें दी गई विशिष्टियों **(Specification)** टेंडर में निर्धारित विशिष्टियों से कम अथवा ज्यादा हैं तो गुणवत्ता के आधार पर निर्धारण किया जायेगा कि किस संस्था के पक्ष में टेंडर जारी किया जा सकेगा।

3.11 कार्य में त्रुटि या विलंब होने पर निम्नानुसार दण्ड अधिरोपित किया जा सकेगा:–
क– त्रुटी :– सामग्री गुणवत्ता पूर्ण प्रदाय न करने पर देयक से 2 से 5 प्रतिशत की कटौती की जाएगी।
ख– विलंब:– देयक की कुल राशि का 0.5 प्रतिशत प्रति सप्ताह रहेगा
(दंड अधिरोपित करने का निर्णय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, नीमच के विवेकाधीन होगा)

3.12 सामग्री प्रदाय की दरें एफ.ओ.आर. जिला न्यायालय नीमच होगी।

3.13 दरें कर रहित (Without tax) प्रस्तुत की जाना है। यदि कर लागू हो तो उसका अलग से कर की दर सहित उल्लेख करें। इसकी जानकारी वित्तीय विनिदा प्रपत्र में देंवे।

3.14 जो निविदा मान्य नहीं होगी उनकी सुरक्षा निधि नियमानुसार लौटा दी जावेगी।

3.15 स्वीकृत/अस्वीकृत निविदा के साथ जमा की गई धरोहर राशि पर किसी भी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा।

3.16 निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने तथा किसी भी स्तर पर निविदा को सकारण निरस्त करने का पूर्ण अधिकार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, नीमच के पास सुरक्षित रहेगा।

3.17 निविदाकारों द्वारा दी गई वित्तीय दर समान होने पर समिति स्वविवेक से पैरामीटर/प्रकिया निर्धारित कर सफल निविदाकर्ता के निर्धारण हेतु निर्णय लेने के लिए अधिकृत होगी। इस संबंध में किसी का दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

3.18 निविदा प्रकिया के संबंध में किसी भी प्रकार की व्याख्या **(Interpretation)** का प्रश्न उपस्थित होने पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, नीमच का निर्णय अंतिम होगा।

3.19 निर्माता/डिलर द्वारा प्रदाय फर्नीचर के स्पेसिफिकेशन का सत्यापन शासकीय संस्थानों के प्रतिनिधियों से कराना होगा तथा इस पर होने वाला व्यय का भुगतान फर्म द्वारा किया जावेगा तथा रिपोर्ट के उपरांत ही भुगतान की कार्यवाही की जावेगी।

3.20 न्यायालयीन विवाद की स्थिति में क्षेत्राधिकार नीमच न्यायालय होगा।

3.21 जिस संस्था/फर्म के पक्ष में टेंडर जारी होता है, उसके द्वारा कय आदेश जारी होने के 15 दिवस के अंदर सम्पूर्ण सामग्री प्रदान की जावेगी।

3.22 कय की गई सामग्री की डिलेवरी संबंधित संस्था द्वारा स्वयं के व्यय पर कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, नीमच को की जावेगी।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
नीमच (म.प्र.)

भाग–4

## SPECIFICATION/DRAWING OF PRODUCTS

| S.No. | Brief Description of the Sub-items | Specification | Dexcription of Pipe to be used as per picture |
|---|---|---|---|
| 1 | Iron Rake | Hight 9 feet<br>Width 5 feet<br>Depth 1.5 feet | Squre Pipe 1.5X1.5 Inch<br>Squre Pipe 1.5X0.5 Inch |




प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
नीमच (म. प्र.)

**निम्नानुसार दस्तावेजों फर्म की सील एवं हस्ताक्षर सहित नंबरिंग करने के उपरांत स्केन कॉपी अपलोड की जाना है।**

| सं.क्र. | विवरिण | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 01 | निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 1,000 ऑन लाईन जमा की रसीद। | |
| 02 | सुरक्षा निधि की राशि रूपये 23,000 ऑन लाईन जमा की रसीद। | |
| 03 | निविदाकर्ता द्वारा पिछले पांच में से किन्ही तीन वित्तीय वर्षो (2019–20, 2020–21, 2021–22, 2022–2023, 2023–24) में शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था में फर्नीचर प्रदाय का कार्य किया गया हो। संबंधित संस्थान का कार्य आदेश/प्रमाण पत्र की छायाप्रति प्रमाण स्वरूप अपलोड करें। | |
| 04 | फर्मो का पिछले तीन वित्तीय वर्षो (2021–22, 2022–2023, 2023–24) में न्यूनतम रूपये 50.00 लाख प्रतिवर्ष का टर्न ओवर का होना अनिवार्य है। निविदाकर्ता का टर्न ओवर की चार्टर्ड एकाउन्टेंट से हस्ताक्षरित प्रमाणित छाया प्रतिलिपि संलग्न करना अनिवार्य है। | |
| 05 | पिछले तीन असेसमेंट वर्षो (2021–22, 2022–2023, 2023–24) का इनकम टैक्स रिटर्न छायाप्रति भी संलग्न करें। | |
| 06 | निविदा में भाग लेने वाले फर्नीचर निर्माता या अधिकृत डीलर किसी भी शासकीय संस्था से कभी भी ब्लैक लिस्ट नहीं होना चाहिए। इस बाबत निविदाकर्ता फर्म को शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है जो रूपये 500 के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा विधिवत सत्यापित होगा। शपत्र पत्र का प्रारूप संलग्न है। | |
| 07 | संस्था/कंपनी/फर्म के जी.एस.टी. पंजीयन का प्रमाण पत्र छाया प्रति संलग्न करें। | |
| 08 | संस्था के आयकर कार्ड की छायाप्रति संलग्न करें। | |
| 09 | संस्था/फर्म/कंपनी का रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करें। | |
| 10 | निविदाकर्ता को फर्नीचर क्रय सामग्री की निर्माता कंपनी/अधिकृत डीलर होने का प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक है। | |
| 11 | निविदाकर्ता को फर्नीचर क्रय सामग्री का गारंटी/वारंटी प्रमाण पत्र भी देना आवश्यक है। | |
| 12 | निविदा प्रपत्र ए–1 संलग्न करें। | |

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
नीमच (म. प्र.)

**प्रपत्र ए–1**
**(निविदा प्रपत्र)**

प्रति,

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
नीमच, मध्यप्रदेश

विषय– फर्नीचर / लोहे की रेक, क्रय कॉन्ट्रेक्ट हेतु खुली ई–निविदा वर्ष–2024

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि हमारी संस्था की जानकारी निम्नानुसार है :–

| स.क्र. | विवरण | |
|---|---|---|
| 01 | निविदाकर्ता फर्म का नाम | |
| 02 | पत्र व्यवहार का पता | |
| 03 | निविदाकर्ता फर्म के प्रतिनिधि का नाम | |
| 04 | पदनाम | |
| 05 | दूरभाष नम्बर (मोबाईल एवं लेंडलाईन) | |
| 06 | ई–मेल | |

प्रमाण –पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि निविदा के भाग "1", "2", "3", "4", "5", "6" में दर्शित शर्तो के अनुसार फर्नीचर, लोहे की रेक क्रय /रेट कॉन्ट्रैक्ट हेतु खुली ई–निविदा वर्ष–2024 का कार्य पूर्णतः करने को अपनी सहमति प्रदान करते है।

निविदाकार फर्म के अधिकृत हस्ताक्षर एवं सील

**शपथ पत्र**
**रू. 500.00 के स्टाम्प पेपर पर**
**नोटरी से सत्यापित**

मैं.............................................................................. द्वारा प्रोप्राईटर मेसर्स ..............
....................................................
निम्नलिखित कथन शपथ लेकर कहता हूँ कि :–

1- यह कि फर्म को किसी भी शासकीय संस्था/अर्द्धशासकीय संस्था/अशासकीय उपक्रम से कभी भी ब्लैकलिस्टेड नहीं किया गया है।
2- यह कि फर्म निविदा में दी गई सभी शर्तो को पूर्ण करती है।
3- यह कि फर्म का फर्नीचर प्रदाय सामग्री संबंधी कोई कानूनी विवाद में न्यायालय द्वारा दंडित नही किया गया है।
4- यह कि फर्म को किसी शासकीय संस्था/अर्द्धशासकीय संस्था/अशासकीय उपक्रम/बैंक से दिवालिया घोषित नही किया गया है।
5- फर्म के विरूद्ध किसी भी थाने में कोई भी अपराधिक प्रकरण पंजीकृत नहीं है।
6- यह कि निविदा में प्रस्तुत अथवा शपथ पत्र में पाई गई जानकारी असत्य पाये जाने पर मेरी निविदा को निरस्त करने तथा सुरक्षा निधि जब्त करने का अधिकार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय, नीमच को होगा।

**शपथग्रहिता**

**सत्यापन**

मै उपरोक्त शपथग्रहिता सत्यापित करता हूँ कि मेरे द्वारा निष्पादित उक्त शपथ पत्र के बिन्दू कमांक 01 से 06 में वर्णित कथन मेरे निजी ज्ञान व विश्वास अनुसार पूर्ण सत्य है।

**शपथग्रहिता**